बरेली, सोमवार
15 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO IV : MIDDLE



पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी का स्वागत करते आयोजक • सौ. इंटरनेट मीडिया



भोजीपुरा के एसआरएमएस मैदान में अभ्यास करते पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी • सौ. आयोजक

# जीत को लेकर आश्वस्त पश्चिम बंगाल व यूपी के खिलाड़ी

**कूच बेहार ट्राफी मैच से पूर्व उप्र व बंगाल के खिलाड़ियों ने किया अभ्यास, दोनों टीम के बीच मंगलवार से खेला जाएगा मैच**

जागरण संवाददाता, बरेली: जिले में 16 दिसंबर से आरंभ होने वाली कूच बेहार ट्राफी के महत्वपूर्ण मुकाबले को लेकर रविवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर रहीं। उत्तर प्रदेश और बंगाल की अंडर-19 टीमों के खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बंगाल की टीम शनिवार देर शाम बरेली पहुंची थी, जिसके बाद रविवार से अभ्यास शुरू किया गया। वहीं, दोनों टीमों के खिलाड़ी व कोच जीत के लिए आश्वस्त नजर आ रहे हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि जीत के लिए उनकी तैयारी अच्छी है। अभ्यास सत्र के दौरान कमियों को दूर करने का प्रयास हो रहा है।

रविवार को अभ्यास सत्र में सबसे पहले दोपहर 1:30 बजे उत्तर प्रदेश की टीम मैदान पर उतरी। खिलाड़ियों ने फिटनेस ड्रिल, फील्डिंग अभ्यास और नेट्स में बल्लेबाजी व गेंदबाजी पर विशेष ध्यान दिया। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे बंगाल की टीम ने अभ्यास सत्र शुरू किया। बंगाल के खिलाड़ियों ने भी नेट्स में लंबा अभ्यास करते हुए तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास किया, वहीं गेंदबाजों ने लाइन-लेंथ पर काम किया। मैच से पूर्व सोमवार 15 दिसंबर को भी दोनों टीमों का अभ्यास कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सोमवार सुबह 9:30 बजे उत्तर प्रदेश की टीम अभ्यास करेगी, जबकि 11:30 बजे से बंगाल की टीम मैदान पर उतरेगी। दोनों ही टीमें अभ्यास सत्र के माध्यम से पिच और परिस्थितियों के अनुरूप अपनी रणनीति तैयार करने में जुटी हुई हैं। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। कोचिंग स्टाफ खिलाड़ियों को तकनीकी बारीकियां समझाते नजर आए। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश बनाम बंगाल के बीच होने वाला यह मुकाबला रोमांचक होगा, क्योंकि दोनों ही टीमें मजबूत और संतुलित मानी जा रही हैं। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों को इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है। 16 दिसंबर से शुरू होने वाली कूच बेहार ट्राफी अहम मानी जा रही है, जिसमें दोनों टीमें जीत के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। इससे पहले शनिवार की देर रात जिले में पहुंची पश्चिम बंगाल की टीम का स्वागत माला पहनाकर किया गया।